# जीवित किडनी (गुर्दे) का दान क्या है?

हममें से ज्यादातर लोग दो किडनियों के साथ पैदा होते हैं। हालाँकि, एक स्वस्थ व्यक्ति केवल एक किडनी के साथ सामान्य, स्वस्थ जीवन जी सकता है। इसका मतलब यह है कि एक स्वस्थ व्यक्ति किसी ऐसे व्यक्ति को एक किडनी दे (दान कर`) सकता/सकती है जिसकी किडनियाँ काम नहीं कर रहीं हों। यह तोहफा जीवित किडनी दान कहलाता है। जो व्यक्ति किसी जरूरतमंद को किडनी दान करता/करती है उसे "जीवित दाता" कहा जाता है, और जिस व्यक्ति को किडनी की आवश्यकता होती है उसे "प्रत्यारोपण उम्मीदवार" कहा जाता है।

अच्छे स्वास्थ्य के किसी भी वयस्क का जीवित दाता बनने के लिए मूल्यांकन किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को किडनी दान करने के लिए पर्याप्त रूप से स्वस्थ हैं, प्रत्येक संभावित किडनी दाता की पूरी चिकित्सा जांच होनी चाहिए।

किडनी दान प्रक्रिया में, दाता से एक किडनी निकालने के लिए एक ऑपरेशन और प्रत्यारोपण उम्मीदवार में किडनी लगाने के लिए दूसरी सर्जरी शामिल होती है। दान के बाद, दाता की निकाली गई किडनी के कार्य की भरपाई करने के लिए, दाता की शेष बची किडनी अधिक मेहनत करना शुरू करती है। दाता को हर साल डॉक्टर से जांच करानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी शेष किडनी निरन्तर सही ढंग से काम कर रही है।

## कुछ रोगियों को किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता क्यों होती है?

किडनियाँ हमारे रक्त से अपशिष्ट उत्पादों को बाहर निकालतीं हैं। वे हमारे शरीर में नमक और तरल पदार्थ के स्तर को भी नियंत्रित करतीं हैं। कभी-कभी कोई बीमारी या रोग, जैसे उच्च रक्तचाप या मधुमेह, किडनी के बर्बाद होने का कारण बन सकते हैं। जब ऐसा होता है, तो इसे "अंतिम-चरण की किडनी की बीमारी" कहा जाता है, क्योंकि किडनियाँ सही ढंग से काम करने की अपनी क्षमता के अंत के करीब होतीं हैं। जब किडनियाँ काम करना बंद करतीं हैं, तो रोगी को रक्त से अपशिष्ट उत्पादों को निकालने के लिए किसी प्रकार का उपचार करना चाहिए। एक विकल्प किडनी प्रत्यारोपण का है। किडनी किसी स्वस्थ जीवित व्यक्ति (जीवित दाता) या किसी ऐसे व्यक्ति से आ सकती है जिसकी हाल ही में मृत्यु हुई हो (मृत दाता)। डायलिसिस एक अन्य विकल्प है। डायलिसिस रक्त से अपशिष्ट उत्पादों को हटाने के लिए एक मशीन का उपयोग करती है। जो लोग इसके पात्र हैं, उनके लिए जीवित दाता से प्रत्यारोपण सबसे अच्छा विकल्प है।

## जीवित किडनी दान के क्या फायदे हैं?

- जिन रोगियों को अंतिम-चरण की किडनी की बीमारी है, और वे किडनी प्रत्यारोपण के लिए पात्र हैं, उनके लिए जीवित दाता से ली गई किडनी सबसे अच्छा उपचार है।
- मृत दाता की किडनी की तुलना में जीवित दाता की किडनी आमतौर पर अधिक समय तक चलती है।
- एक जीवित किडनी दान रोगी की डायलिसिस की आवश्यकता को कम कर सकता है या रोक भी सकता है।

- मृत दाता से किडनी प्राप्त करने की प्रतीक्षा-सूची में दर्ज प्रत्येक रोगी जब किसी जीवित दाता से प्रत्यारोपण प्राप्त करे, तो उसे उक्त प्रतीक्षा-सूची से हटाया जाता है । इससे प्रत्यारोपण प्रतीक्षा-सूची में दर्ज अन्य रोगियों के लिए प्रतीक्षा का समय कम हो जाता है ।
- किडनी-दान और प्रत्यारोपण ऑपरेशन की योजना ऐसे समय के लिए बनाई जा सकती है जब संभावित दाता और प्रत्यारोपण उम्मीदवार, दोनों सर्वोत्तम संभव स्वास्थ्य में हों । अच्छे स्वास्थ्य में होने से सर्जरी के बाद स्वास्थ्य-प्राप्ति की प्रक्रिया में सुधार होता है ।
- किडनी दान करने वाले कई लोगों का कहना है कि किसी जरूरतमंद की मदद करना एक सकारात्मक व्यक्तिगत अनुभव है।

## क्या कोई भी व्यक्ति किडनी दान कर सकता/सकती है?

जीवित किडनी दान के लिए किसी भी स्वस्थ वयस्क व्यक्ति पर विचार किया जा सकता है । संभावित दाता परिवार का कोई सदस्य, मित्र, पड़ोसी या प्रत्यारोपण उम्मीदवार का परिचित हो सकता है। संभावित दाता की आयु, लिंग या जातीयता प्रत्यारोपण उम्मीदवार के समान होना जरूरी नहीं है । वास्तव में, यह कोई भी हो सकता है जो दान देने का इच्छुक हो ।

संभावित दाता और प्रत्यारोपण उम्मीदवार, दोनों को दान और प्रत्यारोपण के साथ आगे बढ़ने से पहले चिकित्सा परीक्षण और मूल्यांकन पूरा करना होगा । उदाहरण के लिए, संभावित दाता को सर्जरी के लिए पर्याप्त स्वस्थ होना चाहिए और केवल एक किडनी के साथ स्वस्थ रहना चाहिए । इसी तरह, भले ही प्रत्यारोपण करने वाले उम्मीदवार को अंतिम चरण की किडनी की बीमारी हो, और उसे नई किडनी की आवश्यकता हो, उस व्यक्ति को सर्जरी के लिए पर्याप्त स्वस्थ होना चाहिए और बाद में एंटीरिजेक्शन (प्रत्यारोपित किडनी न स्वीकार्ने के) उपचार को संभालने में सक्षम होना चाहिए । यह देखने के लिए विशेष रक्त परीक्षण किए जाते हैं कि क्या दाता का रक्त और ऊतक का प्रकार प्रत्यारोपण उम्मीदवार से मेल खाता है । यदि ये घटक मेल खाते हैं, तो संभावित दाता और उम्मीदवार को "संगत जोड़ी" कहा जाता है और उम्मीदवार उस दाता से किडनी प्राप्त कर सकता है । चिकित्सा परीक्षण और मूल्यांकन के लिए दिन के समय चिकित्सा अपॉइंटमेंट्स (भेट करने के लिए निर्धारित समय) की आवश्यकता होगी ।

दान के बाद, यह अपेक्षा की जाती है कि दानकर्ता का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । स्वस्थ रहने के सिलसिले में अपने पारिवारिक डॉक्टर से नियमित जांच और स्वास्थ्य की देखभाल शामिल हैं ।

## यदि संभावित दाता और प्रत्यारोपण उम्मीदवार मेल नहीं खाते हैं, तो क्या होगा?

यदि रक्त परीक्षण से पता चलता है कि संभावित दाता और प्रत्यारोपण उम्मीदवार मेल नहीं खाते हैं, तो उन्हें "असंगत जोड़ी" कहा जाता है। ऐसा तब हो सकता है जब दाता के रक्त का प्रकार प्रत्यारोपण उम्मीदवार के रक्त के प्रकार के साथ संगत नहीं रखता है । या, इसका मतलब यह हो सकता है कि प्रत्यारोपण करने वाले उम्मीदवार के रक्त में एक प्रोटीन (जिसे एंटीबॉडी के रूप में जाना जाता है) है, जो उस दाता से किडनी को अस्वीकार कर देगा ।

यदि संभावित दाता प्रत्यारोपण उम्मीदवार के साथ संगत नहीं रखते हैं, तब भी वे जोड़ी-बद्ध किडनी दान कार्यक्रम (किडनी पेयर्ड डोनेशन कार्यक्रम) के माध्यम से प्रत्यारोपण उम्मीदवार के लिए उपयुक्त किडनी ढूंढने का प्रयास कर सकते हैं । यह कार्यक्रम किडनी दाताओं को उन प्रत्यारोपण उम्मीदवारों से मिलाने का प्रयास करता है जिन्हें किडनी की आवश्यकता होती है । अधिक जानकारी के लिए अपने जीवित किडनी दान कार्यक्रम या प्रत्यारोपण केंद्र से पूछें या blood.ca/organs-tissues पर जाएँ ।

## जीवित किडनी दान के प्रकार

**निर्देशित दान :** इस प्रकार का दान तब होता है जब एक संभावित दाता एक प्रत्यारोपण उम्मीदवार को जानता/जानती है और उस व्यक्ति से मेल खाता/खाती है। निर्देशित दाता जैविक रूप से प्रत्यारोपण उम्मीदवार से संबंधित हो सकते हैं (उदाहरण के लिए, माता-पिता, बच्चे, भाई-बहन, दादा-दादी) या असंबंधित (उदाहरण के लिए, पति या पत्नी, मित्र, सहकर्मी)।

**गैर-निर्देशित अज्ञात दान (NDAD)** : इस प्रकार का दान तब होता है जब कोई व्यक्ति किडनी दान करने की पेशकश करता/करती है जो किसी ऐसे व्यक्ति को दी जा सकता है जिसे किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो। यदि किडनी प्रतीक्षा-सूची में शामिल किसी व्यक्ति को दी जाती है तो इस तरह का दान एक प्रत्यारोपण उम्मीदवार की मदद कर सकता है। वैकल्पिक रूप से, इस प्रकार का दान जोड़ी-बद्ध किडनी दान कार्यक्रम के माध्यम से कई लोगों की मदद कर सकता है। इस कार्यक्रम में, एक NDAD से किडनी दान, दाता आदान-प्रदान की एक श्रृंखला शुरू कर सकता है।

आपके प्रांत में एक जीवित दान कार्यक्रम आपको जोड़ी-बद्ध किडनी दान कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी दे सकता है। आप जानकारी ऑनलाइन, blood.ca/organs-tissues पर भी पा सकते/सकती हैं।

## मैं कैसे शुरुआत करूँ?

यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जो किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहा/रही है, तो आप उससे बात कर सकते/सकती हैं। या, आप अपने प्रांत में किसी जीवित दान कार्यक्रम से संपर्क कर सकते/सकती हैं। यदि आप एक गैर-निर्देशित अज्ञात दाता बनना चाहते/चाहती हैं, तो आपके प्रांत में एक जीवित दान कार्यक्रम आपको अधिक जानकारी दे सकता है। कनाडा में जीवित दान कार्यक्रमों के लिए संपर्क जानकारी blood.ca/organs-tissues पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

*कैनेडियन ब्लड सर्विसेज एक गैर-लाभमूलक परमार्थ संगठन है। एक जीवविज्ञान (बायोलॉजिक्स) निर्माता के रूप में हेल्थ कनाडा द्वारा विनियमित और प्राथमिक रूप से स्वास्थ्य के प्रांतीय और क्षेत्रीय मंत्रालयों द्वारा वित्त पोषित, कैनेडियन ब्लड सर्विसेज एक राष्ट्रीय विस्तार, पूर्वाधार और शासन के साथ संचालित होती है जो इसे कनाडाई स्वास्थ्य देखभाल के भीतर अद्वितीय बनाती है। रक्त, प्लाज्मा और स्टेम सेल के क्षेत्र में, हम क्यूबेक को छोड़कर, सभी प्रांतीय और क्षेत्रीय सरकारों की ओर से रोगियों के लिए सेवाएं प्रदान करते हैं। अंगों और ऊतकों के क्षेत्र में, हम राष्ट्रीय प्रतीक्षा-सूची और अंतरप्रांतीय अंग-साझाकरण रजिस्ट्रियां संचालित करते हैं, और, अपनी प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए, प्रांतीय कार्यक्रमों के साथ सहकार्य में काम करते हैं।*

*www.blood.ca/organs-tissues*